सीमा पर स्थति ग्रामों में पर्यटन

प्रीलम्सि के लयि:

इनर लाइन परमटि

मेन्स के लयि:

सीमा क्षेत्रों में ग्रामीण पर्यटन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्र सरकार ने चीन की सीमा से लगे उत्तराखंड राज्य के गाँवों में पर्यटन को बढ़ावा देने का नरि्णय लयिा है। उत्तराखंड चीन के साथ 350 कलिोमीटर लंबी सीमा साझा करता है।

प्रमुख बदिु:

- गलवान घाटी में उत्पन्न गतरिोध की पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार पर्यटन संबंधी गतविधियिों के नयिमों में लोचशीलता लाकर उत्तराखंड के सीमावर्ती गाँवों में 'रक्षा की एक दूसरी पंक्त' (Second Line of Defence) के नरि्माण की योजना बना रही है।
- केंद्र सरकार ने भारत के सीमावर्ती गाँवों को सुरक्षति बनाने के लयि 'जनजातीय पर्यटन' की अवधारणा को बढ़ावा देने का नरि्णय लयिा है।
- लेकनि इस दशिा में आगे बढ़ने के लयि 'इनर लाइन परमटि' (ILP) प्रणाली से उत्तराखंड के कुछ हसि्सों को मुक्त करना होगा।

इनर लाइन परमटि (ILP) प्रणाली

- इनर लाइन परमटि ऐसा दस्तावेज़ है जो एक भारतीय नागरकि को ILP प्रणाली के तहत संरक्षति राज्य में जाने या रहने की अनुमति देता है।
- इनर लाइन परमटि उन सभी के लयि अनविार्य है जो संरक्षति राज्यों से बाहर रहते हैं।
- यह सरि्फ यात्रा के प्रयोजनों के लयि संबंधति राज्य द्वारा ही जारी कयिा जाता है।
- इनर लाइन परमटि की स्थापना ब्रटिशि सरकार ने बंगाल ईस्टर्न फ्रंटयिर रेगुलेशन, 1873 के तहत बंगाल के पूर्वी हसि्से की जनजातयिों की सुरक्षा के लयि की थी।

- जब ILP प्रणाली को हटा दयिा जाएगा, तो 'राज्य पर्यटन वभिाग' ग्रामीण क्षेत्र के घरों को 'होमस्टे' के रूप में वकिसति करने के लयि प्रोत्साहति करेगा जो सीधे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में मदद करेगा।
- उत्तराखंड सरकार ने राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में पर्यटन और नागरकि बस्तयिों को बढ़ावा देने के लयि महत्त्वपूर्ण बुनयिादी ढाँचे में सुधार के लयि आवश्यक कदम उठाने की घोषणा की है

सीमा पर्यटन का महत्त्व:

- सीमावर्ती क्षेत्रों में ग्रामीण पर्यटन से इन गाँवों की सुरक्षा और नगिरानी सुनश्चिति होगी तथा इससे सैनकिों को यहाँ नगिरानी में अतरिक्ति सहायता मलिेगी।
- यह सीमावर्ती गाँवों की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा और रोज़गार सृजन करेगा।
- यह बाहर की ओर पलायन को भी रोकने में मदद करेगा।
  - यहाँ ध्यान देने योग्य तथ्य यह है कि अधिकांश सीमावर्ती गाँवों में आजीवकिा के अवसरों की कमी होने के कारण बाहरी प्रवासन देखने को मलिता है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tourism-in-border-villages